श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
15.09.2026
भाद्रपद शुक्लपक्ष पंचमी संवत 2084
वर्ष : 05, अंक : 25

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:32 बजे
अस्त - 06:21 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.



# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है.



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

19 सितंबर को सभी प्रखंड मुख्यालयों में होगा प्रदर्शन >> पेज 03 | नयनतारा फिर बनीं 'मूकुथी अम्मन' >> पेज 05

## सुविचार

आपको खेल के नियम सीखने चाहिए और आप किसी भी खिलाड़ी से बेहतर खेलेंगे
-अल्बर्ट आइंस्टीन

## न्यूज अपडेट्स

### 18 सितंबर तक गरज के साथ बारिश के आसार

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में 18 सितंबर तक गरज के साथ हल्की बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग ने इसे देखते हुए सोमवार को येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पूर्वी राजस्थान और उससे सटे गुजरात के क्षेत्र तथा दक्षिण-पश्चिमी मध्य प्रदेश और दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के आसपास निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इससे संबंधित मौसम प्रणाली धीरे-धीरे देश के दक्षिणी हिस्से की ओर बढ़ रही है। इसके प्रभाव से आने वाले दिनों में झारखंड में भी बारिश और गरज-चमक की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 55.2 मिलीमीटर बारिश दुमका के महारो में दर्ज की गई। इस दौरान पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा में राज्य का सबसे अधिक तापमान 35.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, लातेहार में न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रांची और आसपास के इलाकों में सोमवार सुबह मौसम साफ रहा, लेकिन दोपहर बाद आसमान में बादल छा गए। कुछ स्थानों पर हल्की बारिश भी दर्ज की गई। राजधानी में सोमवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम 22.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 33.6 और न्यूनतम 25.6 डिग्री, डाल्टनगंज में 32.2 और 25.1 डिग्री, बोकारो में 32.1 और 26.1 डिग्री तथा चाईबासा में 33.4 और 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**सख्त कार्रवाई** — वासेपुर में पुलिस परेड के दौरान हमला

# प्रिंस खान का भाई बंटी कोलकाता से गिरफ्तार

**धनबाद।** धनबाद पुलिस ने वासेपुर के कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान के भाई बंटी खान को पश्चिम बंगाल पुलिस के सहयोग से कोलकाता से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, बंटी खान फर्जी दस्तावेजों के सहारे दुबई भागने की तैयारी में था। गिरफ्तारी के बाद धनबाद लाए जाने पर पुलिस ने उसका सड़क पर परेड कराया। इस दौरान वासेपुर में कुछ लोगों ने उस पर हमला करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे सुरक्षित वहां से निकाल लिया।



पुलिस के अनुसार, बंटी खान के खिलाफ हत्या, रंगदारी, आर्म्स एक्ट और आपराधिक साजिश समेत एक दर्जन से अधिक गंभीर मामले दर्ज हैं। गुप्त सूचना मिली थी कि वह कोलकाता में छिपा हुआ है और अंतरराष्ट्रीय उड़ान के जरिए दुबई भागने की तैयारी कर रहा है। इसके बाद धनबाद पुलिस की विशेष टीम कोलकाता भेजी गई। पश्चिम बंगाल पुलिस के सहयोग से कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी के दौरान तलाशी में उसके पास से वैध पासपोर्ट के अलावा फर्जी पासपोर्ट और वीजा भी बरामद किए गए। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि फर्जी दस्तावेज किसने उपलब्ध कराए और इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।


धनबाद लाए जाने के बाद पुलिस ने बंटी खान को हथकड़ी लगाकर और कमर में कानून का रस्सा बांधकर सड़क पर परेड कराई। उसके साथ बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी चल रहे थे। पुलिस की इस कार्रवाई को देखने के लिए कुछ देर के लिए सड़क पर लोगों की भीड़ जुट गई। कई लोगों ने वाहन रोककर कार्रवाई देखी।

जब पुलिस बंटी खान को लेकर वासेपुर पहुंची तो वहां कुछ लोगों ने उस पर हमला करने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर उसे भीड़ से बचाया और अपने साथ ले गई।

धनबाद के नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) ऋत्विक श्रीवास्तव ने बैंक मोड़ थाना में बंटी खान की गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि वह कोलकाता से अंतरराष्ट्रीय उड़ान के जरिए विदेश भागने की फिराक में है। इसके बाद विशेष टीम ने कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, इससे पहले प्रिंस खान गिरोह के मुख्य गुर्गे मेजर उर्फ सैफी को भी कोलकाता एयरपोर्ट से दुबई भागने की कोशिश के दौरान गिरफ्तार किया गया था।


सिटी एसपी ने कहा कि बंटी खान से पूछताछ में गिरोह के रंगदारी नेटवर्क, वित्तीय लेनदेन और विदेश में सक्रिय सदस्यों के संबंध में अहम जानकारी मिल सकती है। पुलिस फर्जी पासपोर्ट और वीजा से जुड़े नेटवर्क की भी जांच कर रही है। बंटी खान को अदालत में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस उससे आगे की पूछताछ के लिए रिमांड लेने की तैयारी कर रही है।

## आचार्य पुलकसागर से मिले मोहन भागवत



**भीलवाड़ा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने सोमवार को भीलवाड़ा में चातुर्मास कर रहे राष्ट्रसंत आचार्य पुलकसागर महाराज से मुलाकात की। सूर्यमहल स्थित चातुर्मास स्थल पर करीब 40 मिनट तक हुई चर्चा में सामाजिक समरसता, जैन तीर्थों के संरक्षण, गौवंश संवर्धन और राष्ट्र निर्माण सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। चर्चा में राजनीति से अलग सामाजिक एकता और सद्भाव के मुद्दों पर मंथन किया गया। आचार्य पुलकसागर महाराज ने सामाजिक समरसता बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि समाज को वर्गों में बांटने वाले प्रयासों से बचना चाहिए। उन्होंने कथित यूजीसी नियमों को लागू नहीं किए जाने तथा सवर्ण और पिछड़े वर्ग के बीच विभाजन की स्थिति पैदा नहीं होने देने की बात रखी। उन्होंने जैन समाज की आस्था के प्रमुख केंद्र सम्मेद शिखरजी और गिरनार सहित अन्य जैन तीर्थस्थलों का पूर्ण संरक्षण सुनिश्चित करने की मांग भी रखी। उन्होंने जैन तीर्थस्थलों के संरक्षण से जुड़ी चुनौतियों पर भी डॉ. भागवत ने उचित स्तर पर चर्चा कर समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। चर्चा के दौरान आचार्य पुलकसागर ने सुझाव दिया कि देश की जेलों में गौशालाएं स्थापित की जानी चाहिए, ताकि बंदियों को गौवंश संवर्धन और सेवा कार्यों से जोड़ा जा सके। सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करना सभी का साझा उद्देश्य होना चाहिए। जातिवाद से ऊपर उठकर शांति, सद्भाव और राष्ट्र निर्माण के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। आचार्य पुलकसागर ने कहा कि संघ की राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। वहीं डॉ. भागवत ने अपनी हालिया अमेरिका और ब्रिटेन यात्रा के अनुभव भी आचार्यश्री के साथ साझा किए। मुलाकात के प्रारंभ में डॉ. भागवत ने आचार्य पुलकसागर का पाद प्रक्षालन कर वंदन-अभिनंदन किया। आचार्यश्री ने उन्हें आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर डॉ. भागवत ने इंदौर निवासी सरोज शाह द्वारा आचार्य पुलकसागर महाराज के प्रेरणादायी जीवन पर लिखित पुस्तक ह्यएक और मुक्तिदूतह्ल का विमोचन किया और पुस्तक आचार्यश्री को समर्पित की। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण जैन, क्षेत्र प्रचारक निंबाराम, प्रांत प्रचारक मुरलीधर तथा श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी मौजूद रहे। चौधरी ने बताया कि वर्ष 2011 में भी आचार्य पुलकसागर महाराज के भीलवाड़ा प्रवास के दौरान डॉ. भागवत उनसे मिलने आए थे। इसके बाद भी दोनों के बीच समय-समय पर मुलाकात होती रही है।

## हिंदी की प्रगति के लिए अन्य भारतीय भाषाओं का सम्मान व संरक्षण जरूरी : शाह



**मुंबई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नवी मुंबई में कहा कि हिंदी की प्रगति तभी सार्थक होगी, जब वह अन्य भारतीय भाषाओं की गरिमा, संवर्धन और संरक्षण सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने हिंदी दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए भारत की भाषाई विविधता को देश की ताकत बताया।

नवी मुंबई में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि भारत की अनेक भाषाएं किसी कमजोरी का संकेत नहीं, बल्कि देश की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय भाषा का अपना इतिहास, लोक परंपरा और विश्वदृष्टि है, जो नई पीढ़ी के मूल्यों और दृष्टिकोण को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भाषाई विविधता देश में 'विविधता में एकता' की भावना को भी मजबूत करती है।

गृह मंत्री ने कहा कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि किसी समाज की स्मृति और आत्म-जागरूकता भी होती है। हिंदी ने संवाद, संपर्क और समन्वय की भाषा के रूप में विभिन्न वर्गों और समुदायों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

अमित शाह ने कहा, हिंदी की प्रगति तभी सार्थक होगी जब वह अन्य भारतीय भाषाओं की गरिमा, संवर्धन और संरक्षण सुनिश्चित करते हुए आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि हिंदी को किसी एक भाषा के प्रतिनिधि के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इसे भारत की विभिन्न भाषाओं और राष्ट्रीय एकता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में समझने की जरूरत है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि गुजराती उनकी मातृभाषा है, लेकिन हिंदी उन्हें देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों से सीधे जुड़ने में मदद करती है। उन्होंने युवाओं से अपनी मातृभाषा से जुड़े रहने के साथ दुनिया से सीखने का आह्वान किया। साथ ही माता-पिता से बच्चों के साथ उनकी मातृभाषा में संवाद करने की अपील की।

शाह ने कहा, भाषा ही वह माध्यम है जो हमें हमारी मातृभूमि, हमारी मिट्टी, हमारे इतिहास और हमारी संस्कृति से जोड़ती है।

उल्लेखनीय है कि 14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को संघ की राजभाषा के रूप में अपनाया था। इसी के उपलक्ष्य में हर वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है।

## मोहन भागवत व नितिन नवीन 17 सितंबर को जाएंगे उज्जैन

# 25 लाख दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में होंगे शामिल

**उज्जैन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का आगामी 17 और 18 सितंबर को मध्य प्रदेश का उज्जैन का प्रवास प्रस्तावित है। सरसंघचालक डॉ भागवत संघ की संगठनात्मक बैठकों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे, जबकि भाजपा अध्यक्ष नवीन 17 सितंबर को शिप्रा नदी किनारे सेवा संकल्प के तहत होने वाले 25 लाख दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोनों नेताओं के आगमन को लेकर संघ और भाजपा संगठन के साथ पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सरसंघचालक के प्रस्तावित कार्यक्रम को देखते हुए सोमवार को संघ के वरिष्ठ प्रचारकों ने मनोरमा महाकाल गार्डन पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों ने भी कार्यक्रम स्थलों और सुरक्षा के लिहाज से तय किए गए मार्गों का मुआयना किया। जानकारी के अनुसार, गीता भवन में चलने वाला कार्यक्रम सेवाज्ञ संस्थानम्‍ 17 से 19 सितम्बर



तक तीन दिन तक आयोजित होगा, जिसमें स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज, आचार्य पुण्डरीक गोस्वामी, प्रसिद्ध गीतकार मनोज मुन्तशिर, आईआईएम इंदौर के डायरेक्टर हिमांशु राय, विष्णु प्रकाश त्रिपाठी सहित अन्य अतिथि शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि इन कार्यक्रमों के बाद संघ प्रमुख सरदारपुरा स्थित संघ कार्यालय 'आराधना भवन' भी जा सकते हैं।

सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत 17 सितंबर की दोपहर उज्जैन पहुंचेंगे। इसके बाद वे कोयला फाटक स्थित मनोरमा महाकाल गार्डन में संघ से जुड़े कार्यकताओं और प्रमुख पदाधिकारियों की विशेष बैठक में शामिल होंगे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा होगी और सरसंघचालक का मुख्य उद्बोधन होगा। इसी दिन शाम को सरसंघचालक डॉ भागवत महाकाल परिसर, अरविंद नगर में उज्जैन महानगर के स्वयंसेवकों को भी संबोधित करेंगे।

### 18 को युवा धर्म संसद में संवाद

सरसंघचालक डॉ भागवत अगले दिन 18 सितंबर को देवास रोड स्थित गीता भवन में सुबह 11 बजे सेवाज्ञ संस्थानम् द्वारा आयोजित युवा धर्म संसद में शामिल होंगे। वे यहां युवाओं को संबोधित करेंगे। सेवाज्ञ संस्थानम्‍ का मध्य प्रदेश में पहला कार्यक्रम है, इससे पहले भी तीन चार कार्यक्रम अलग अलग शहरों में हो चुके है। सरसंघचालक डॉ भागवत से संवाद करने के लिए करीब दो माह पहले विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। इसमें देश भर के कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं शामिल होंगे।

## सदर अस्पताल के सामने अवैध रूप से चल रहे रीमा सेवा सदन सील

**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल पलामू के सामने अवैध रूप से चल रहे रीमा सेवा सदन में रविवार रात कार्रवाई की गई। कई गंभीर अनियमितताएं सामने आने के बाद सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय ने सिविल सर्जन डॉ अनिल श्रीवास्तव के साथ हॉस्पिटल को सील कर दिया। जांच में रीमा सेवा सदन परिसर का वैध किरायानामा उपलब्ध नहीं मिला। परिसर में कोई चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद नहीं था। इसके अलावा ऑपरेशन कक्ष, भर्ती मरीज एवं छुट्टी पंजिका तथा संबंधित चिकित्सकों के सहमति एवं अनुबंध पत्र जैसे आवश्यक अभिलेख भी उपलब्ध नहीं पाए गए। जैव चिकित्सा अपशिष्ट के उचित निस्तारण की व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं मिली। उपलब्ध व्यवस्था की वैधता



अवधि समाप्त पाई गई। वहीं अग्नि सुरक्षा से संबंधित आवश्यक उपकरण एवं सुरक्षा व्यवस्था का भी अभाव पाया गया। विशेषकर ऑपरेशन कक्ष में गंदगी मिली। बेहोशी देने के लिए आवश्यक व्यवस्था और कार्यस्थल उपलब्ध नहीं पाया गया। ऑपरेशन लैंप के स्थान पर साधारण जांच लैंप का इस्तेमाल किया जा रहा था। ऑपरेशन टेबल भी अत्यंत गंदा, क्षतिग्रस्त और फटा हुआ पाया गया। अधिकारियों के अनुसार यह स्थिति संक्रमण नियंत्रण और मरीजों की सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर है।

# मरीजों की जान से खिलवाड़ का आरोप, रीमा सेवा सदन सील



## मरीजों की सुरक्षा से समझौता नहीं : एसडीओ

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** सदर अस्पताल के सामने संचालित रीमा सेवा सदन में कथित गड़बड़ी पाए जाने के बाद सदर एसडीओ संजय पांडेय के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रविवार शाम उसे तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान सेवा सदन में दो महिला मरीज भर्ती पाई गईं। मरीजों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य को देखते हुए वहां चिकित्सा सेवाएं तत्काल रोक दी गईं। सीएस डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार शाम में जनशिकायतों के सत्यापन के लिए एसडीओ के नेतृत्व में टीम ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान परिसर का वैध किरायानामा उपलब्ध नहीं था। मौके पर कोई चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद नहीं मिला। ओटी, इंडोर और डिस्चार्ज रजिस्टर के अलावा चिकित्सकों के आवश्यक सहमति पत्र भी नहीं मिले। जांच में बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण की व्यवस्था संतोषजनक नहीं मिली और उपलब्ध व्यवस्था की वैधता भी समाप्त पाई गई। फायर सेफ्टी उपकरण और सुरक्षा व्यवस्था का भी अभाव था। ओटी समेत पूरे परिसर में साफ-सफाई की स्थिति खराब मिली। ओटी में एनेस्थीसिया के लिए आवश्यक व्यवस्था नहीं थी। ओटी लैंप के स्थान पर एग्जामिनेशन लैंप का इस्तेमाल किया जा रहा था। ओटी टेबल गंदा, क्षतिग्रस्त और फटा हुआ पाया गया। इसके अलावा आपातकालीन चिकित्सा उपकरण व दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। बिना वैध लाइसेंस के दवा दुकान संचालित किए जाने की बात भी जांच में सामने आई। इन खामियों को मरीजों की सुरक्षा के लिए गंभीर मानते हुए स्वास्थ्य विभाग ने पूरे परिसर को सील कर दिया।

## न्यूज अपडेट्स

### डिस्टलरी पार्क के तालाब में डूबने से 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**रांची।** राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर डिस्टलरी पार्क परिसर के तालाब में सोमवार सुबह नहाने के दौरान डूबने से 55 वर्षीय धनेश्वर उरांव की मौत हो गई। वह कोकर के हैदर अली रोड नंबर-2 के रहने वाले थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, धनेश्वर सुबह तालाब में नहाने के लिए उतरे थे। इसी दौरान वह गहरे पानी में चले गए और खुद को संभाल नहीं सके। कुछ देर बाद वह पानी में डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव की तलाश के दौरान आसपास के लोगों ने एनडीआरएफ की टीम बुलाने की मांग को लेकर डिस्टलरी पुल के पास सड़क जाम कर दी। जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। इसी बीच शव पानी के ऊपर आ गया, जिसके बाद स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसे बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम समाप्त कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि शव की पहचान धनेश्वर उरांव के रूप में हुई है। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि शव नहीं मिलने पर एनडीआरएफ को बुलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। इसके लिए एसएसपी राकेश रंजन और एसडीओ को पत्र भेजा गया था। हालांकि, शव पानी के ऊपर आ जाने के कारण एनडीआरएफ की जरूरत नहीं पड़ी।

**कार्यक्रम** हिन्दी दिवस समारोह में सचिव प्रवीण टोप्पो ने कहा

# सरल हिंदी व पारदर्शी व्यवस्था से ही सुशासन




**रांची।** झारखंड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की ओर से सोमवार को हिंदी दिवस के अवसर पर एटीआई सभागार में व्याख्यान एवं काव्यपाठ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदी के महत्व, उसकी समृद्ध परंपरा और बदलते समय में उसकी प्रासंगिकता पर वक्ताओं ने विचार रखे। विभागीय सचिव प्रवीण टोप्पो ने कहा कि सुशासन की असली पहचान सरल हिंदी, सुगम प्रक्रियाओं और पारदर्शी व्यवस्था से होती है। जब सरकारी भाषा आमजन की समझ में आती है तो सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचता है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से कार्यालयी कामकाज में अनावश्यक जटिल शब्दावली और प्रक्रियाओं को कम करने की अपील की, ताकि नागरिकों के लिए सरकारी व्यवस्था को समझना और उसका लाभ लेना आसान हो। टोप्पो ने कहा कि तकनीक के इस्तेमाल से शासन में पारदर्शिता बढ़ाई जा रही है। ऑनलाइन सेवाओं, समयबद्ध मामलों के निस्तारण और शिकायतों की निगरानी से सरकारी प्रक्रियाओं को अधिक स्पष्ट और जवाबदेह बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों और कर्मचारियों को जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सरल भाषा और स्पष्ट कार्यशैली अपनानी चाहिए। इससे शासन जनता के और करीब आएगा तथा लोगों का भरोसा मजबूत होगा।

कार्यक्रम में हिंदी के कई प्रख्यात कवियों और विद्वानों ने अपनी रचनाओं एवं विचारों के माध्यम से हिंदी की समृद्धि, संवेदनशीलता और व्यापकता को रेखांकित किया। वक्ताओं ने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि जनसरोकार और सांस्कृतिक एकता की सशक्त कड़ी है। विभिन्न लोकभाषाओं और बोलियों को आत्मसात करते हुए हिंदी निरंतर समृद्ध हुई है। यही विविधता उसकी व्यापक स्वीकार्यता का आधार है।




वक्ताओं ने कहा कि हिंदी ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान लोगों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और आज भी देश की सामाजिक एवं सांस्कृतिक विविधता के बीच संवाद का माध्यम बनी हुई है। हिंदी के विकास में देश की विभिन्न लोकभाषाओं और बोलियों के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदी की शक्ति उसकी समावेशी प्रकृति में निहित है। वक्ताओं ने कहा कि वैश्विक स्तर पर हिंदी का स्वरूप लगातार विस्तार और परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। दूसरी भाषाओं के शब्दों को आत्मसात करने से हिंदी की अभिव्यक्ति और अधिक व्यापक हुई है। ऐसे में हिंदी को केवल अतीत की विरासत के रूप में देखने के बजाय भविष्य की भाषा के रूप में विकसित करने की जरूरत है। इसके लिए साहित्य, शिक्षा, प्रशासन और तकनीक के क्षेत्र में सामूहिक प्रयास जरूरी हैं।

काव्यपाठ के दौरान कवियों ने सामाजिक सरोकार, राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक विविधता और समकालीन विषयों पर आधारित रचनाएं प्रस्तुत कीं। उनकी रचनाओं को उपस्थित श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम में साहित्यकारों, अधिकारियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह के दौरान हिंदी के प्रचार-प्रसार और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में डॉ. जिंदर सिंह मुंडा, अध्यक्ष, स्नातकोत्तर हिंदी विभाग, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय; डॉ. केदार सिंह, सेवानिवृत्त प्राध्यापक, विनोबा भावे विश्वविद्यालय; प्रख्यात कवयित्री एवं लेखिका डॉ. वंदना टेटे; डॉ. सावित्री बड़ाईक, सहायक प्राध्यापक, एसएस मेमोरियल महाविद्यालय; डॉ. कुमारी उर्वशी सहित कई हिंदी विद्वान उपस्थित थे।

### 29 मतों के अंतर से जीते अमित जायसवाल, झारखंड चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बने



**मेदिनीनगर :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सत्र 2026-27 के लिए रविवार को रांची के मारवाड़ी भवन में संपन्न चुनाव में छतरपुर पूर्वी के जिपस अमित कुमार जायसवाल ने क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद पर शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी उदय शंकर दूबे को 29 मतों के अंतर से पराजित किया। चुनाव में अमित कुमार जायसवाल को 59 वोट, जबकि उदय शंकर दूबे को 30 वोट मिले। उनकी जीत की खबर मिलते ही छतरपुर सहित पलामू के व्यापारिक क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी। लोगों ने कहा कि अमित जायसवाल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बनने से पलामू के व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं को राज्य स्तर पर मजबूती से उठाने का अवसर मिलेगा। अब अमित जायसवाल की जिम्मेदारी व्यापारियों की समस्याओं को सरकार और संबंधित विभागों तक पहुंचाने के साथ ही क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की होगी। उनकी जीत को पलामू के व्यापारिक हितों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

### पति की दीघार्यु की कामना में महिलाओं ने रखा निर्जला तीज व्रत



**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को तीज का त्योहार श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीघार्यु, सुखी दांपत्य जीवन और परिवार की समृद्धि की कामना को लेकर 24 घंटे का निर्जला व्रत रखा। महिलाओं ने भी भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। तीज को लेकर सुबह से ही महिलाओं में उत्साह रहा। स्नान के बाद नए परिधान धारण कर महिलाओं ने सोलह श्रृंगार किया। विभिन्न स्थानों पर महिला समूहों ने सामूहिक रूप से तीज पूजा की। शहर में पंडित रमेश जी ने महिला समूहों को तीज पूजा की विधि और शुभ मुहूर्त की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूजा का शुभ मुहूर्त सुबह 7:35 बजे तक था। व्रत के पारण को लेकर उन्होंने बताया कि 15 सितंबर को सुबह 5:58 बजे के बाद जल या अन्न किया जा सकता है। उधर हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में भी विवाहित महिलाओं ने पति की लंबी आयु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ निर्जला तीज व्रत रखा व मंदिरों में पूजा अर्चना की। महावीर मंदिर के पुरोहित गोपाल पाठक ने बताया कि मान्यता के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। प्रसन्न होकर भगवान शिव ने भाद्रपद शुक्ल पक्ष तृतीया को उन्हें पत्नी के रूप में स्वीकार किया। इसी कारण तीज को शिव-पार्वती के पुनर्मिलन के पर्व के रूप में मनाया जाता है। अविवाहित कन्याएं भी मनचाहा जीवनसाथी पाने की कामना से यह व्रत रखती हैं।

### राज्यपाल, मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष ने दी गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा, श्री गणेश चतुर्थी के पावन पर्व की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने भगवान गणेश से सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करने तथा विघ्न-बाधाओं को दूर कर जीवन को मंगलमय बनाने की कामना की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी गणेश चतुर्थी पर राज्यवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार कहा। उन्होंने भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और मंगलकर्ता बताते हुए प्रार्थना की कि वे सभी के जीवन से परेशानियों और बाधाओं को दूर करें तथा सुख, शांति, समृद्धि और सफलता का आशीर्वाद दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में प्रेम और सद्भाव बना रहे तथा सभी के जीवन में खुशहाली आए, यही उनकी कामना है। उन्होंने अपने संदेश के अंत में ॐ गं गणपतये नमः लिखते हुए गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया का जयकारा भी लगाया। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी प्रदेशवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश से प्रार्थना है कि सभी के जीवन से विघ्न-बाधाएं दूर हों और सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली का आगमन हो। उन्होंने अपने संदेश का समापन गणपति बप्पा मोरया के जयकारे के साथ किया।

## हिंदी को विज्ञान, नवाचार और रोजगार से जोड़ने की जरूरत : मंजूनाथ भजंत्री

# हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान




**रांची।** रांची में सोमवार को हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय राजभाषा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कवियों, साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अतिथि रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने की। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदी कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक देश को एक सूत्र में पिरोती है। यह केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और भावात्मक एकजुटता की सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा में अध्ययन और पठन-पाठन से किशोरों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिलता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के दौर में मौलिक सोच और भाषा की समृद्धि बनाए रखना बड़ी चुनौती है। ऐसे में हिंदी को केवल साहित्य और संवाद तक सीमित रखने के बजाय विज्ञान, नवाचार, शोध और रोजगार से जोड़ने की जरूरत है। भजंत्री ने हिंदी के संरक्षण के साथ उसके आधुनिक और व्यावहारिक उपयोग को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का आह्वान किया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत और माल्यार्पण के साथ हुआ। उपायुक्त ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन उप निदेशक, राजभाषा रविशंकर मिश्रा ने किया। इसके बाद कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें डॉ. जंगबहादुर पांडेय, डॉ. राजश्री जयंती, डॉ. सुरिंदर कौर नीलम, नसीर अफसर, नरेश कुमार बंका, शालिनी नायक, सदानंद सिंह यादव, सूरज श्रीवास्तव, डॉ. रजनी शर्मा 'चन्दा' और डॉ. विनोद सिंह गहरवार ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। कवियों की प्रस्तुतियों ने समारोह में साहित्यिक रंग भर दिया। कार्यक्रम का समापन दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त के सचिव रविंद्र कुमार गगराई के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर रांची सदर एसडीओ कुमार रजत, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) धनंजय, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, उप परिवहन आयुक्त अजय कुमार रजक, उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक सुमन सहित आयुक्त कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



# हरितालिका तीज का त्योहार श्रद्धाभाव के साथ संपन्न

बंशीधर न्यूज

**रमना :** प्रखंड में सोमवार को हरितालिका तीज का त्योहार धार्मिक अनुष्ठान और पूरे श्रद्धाभाव के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रखंड के सीताराम मानस मंदिर, दुर्गा मंदिर, श्री हनुमान मंदिर तथा ब्रम्ह स्थान बगौंधा सहित कर्णपुरा, गिधी, रोहिला, कबीसा, मड़वनिया, सुखड़ा शिव मंदिर, मानदोहर, सिलीदाग, गम्हरिया, बुल्का, भगोडीह और हरादाग समेत विभिन्न गांवों में महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की। सुबह से लेकर शाम तक पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और परिवार की समृद्धि के लिये पूरे दिन निर्जला व्रत रखा और सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर हरितालिका तीज की व्रत कथा सुनी।

तीज पर्व को लेकर पिछले दो दिनों से ही क्षेत्र में काफी चहल-पहल देखी जा रही थी। बाजारों में पूजा सामग्री और नये कपड़ों की खरीदारी को लेकर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। सोमवार को श्रद्धालु माताएं व बहनें पारंपरिक परिधानों में पूरी तरह सज-धज कर विभिन्न पूजा स्थलों और मंदिरों में पहुंचीं, जहां पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा संपन्न कराई गई।

पूजा अर्चना के पश्चात महिलाओं ने अपने से बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और एक-दूसरे को तीज की शुभकामनाएं दीं। पूरा रमना क्षेत्र दिनभर 'हर-हर महादेव' और माता पार्वती के जयकारों से गुंजायमान रहा।

## न्यूज अडेट्स

### 10 साल से फरार वारंटी समेत दो गिरफ्तार




**धुरकी :** पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंटों के निष्पादन को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत दो अलग-अलग गांवों में कार्रवाई कर दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक वारंटी करीब 10 वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस की कार्रवाई के बाद लंबे समय से फरार वारंटियों में हड़कंप मच गया है। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में करवा पहाड़ गांव निवासी सुलेमान अंसारी का पुत्र हामिद अंसारी (59) शामिल है। उसके खिलाफ जीआर-1426/21 मामले में न्यायालय से वारंट जारी किया गया था। पुलिस टीम ने वारंट के आधार पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया। वहीं दूसरी कार्रवाई में पनघटवा गांव निवासी स्वर्गीय पूरन सिंह के पुत्र रामनाथ सिंह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार रामनाथ सिंह करीब 10 वर्षों से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना और लगातार निगरानी के आधार पर पुलिस टीम ने उसे पकड़ने में सफलता हासिल की। थाना प्रभारी ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंटों के निष्पादन के लिये थाना क्षेत्र में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुराने मामलों में फरार आरोपियों और वारंटियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की जा रही है। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की और उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिये उचित अभिरक्षा में भेज दिया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वारंटों के निष्पादन में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जायेगी।

**श्री बंशीधर नगर** खान एवं खनिज संशोधन विधेयक झारखंड के हितों के खिलाफ : अनंत

# 19 सितंबर को सभी प्रखंड मुख्यालयों में होगा प्रदर्शन

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक 2026 के विरोध में झामुमो कार्यकताओं की बैठक सोमवार को विधायक के आवासीय परिसर में हुई। बैठक में प्रखंड की सभी पंचायतों से पहुंचे पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुये विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि प्रस्तावित विधेयक झारखंड के हितों के खिलाफ है। इसके विरोध में 19 सितंबर को राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की पहचान और अर्थव्यवस्था जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा से जुड़ी हुई है। राज्य की खनिज संपदा पर पहला अधिकार यहां के लोगों का होना चाहिये। केंद्र सरकार द्वारा लाये जा रहे संशोधन के माध्यम से राज्यों के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। विधायक ने कहा कि झारखंड देश के विकास में लंबे समय से महत्वपूर्ण योगदान देता आ रहा है। राज्य से कोयला, लौह अयस्क सहित कई बहुमूल्य खनिज देश के विभिन्न हिस्सों में जाते हैं। इन खनिज संसाधनों से मिलने वाला राजस्व राज्य के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में खनिज संसाधनों से जुड़े राज्यों के अधिकारों को सीमित करना झारखंड के साथ न्याय नहीं है।



### कॉरपोरेट हित में स्थानीय अधिकारों की अनदेखी का आरोप

विधायक अनंत प्रताप देव ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित संशोधन से बड़े कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचने की संभावना बढ़ेगी। जबकि स्थानीय लोगों के हित प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन का लाभ सबसे पहले यहां की जनता को मिलना चाहिये। केंद्र सरकार को झारखंड की जनता की भावनाओं को समझते हुये विधेयक पर पुनर्विचार करना चाहिये। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता अपने अधिकारों की रक्षा के लिये एकजुट है। राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों को दलगत भावना से ऊपर उठकर इस मुद्दे पर संघर्ष करना होगा। यदि केंद्र सरकार विधेयक को वापस नहीं लेती है तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा। जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा की रक्षा के लिये झारखंड की जनता के साथ मिलकर संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, कामता प्रसाद, जिपस बाला रानी, श्याम सुंदर राम, विपिन सिंह सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अमरनाथ पांडेय ने की। मौके पर रजनीकांत मधुर, बंगाली सिंह, संजय पांडेय, बाबूलाल दुबे सहित बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हिंदी को आधुनिक शिक्षा और डिजिटल माध्यम से जोड़ना जरूरी : निदेशक

**गढ़वा :** शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल के सभागार आर्यभट्ट में भारत की राजभाषा हिंदी के सम्मान में हिंदी दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर तथा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि भारत विविध भाषाओं और बोलियों वाला देश है, लेकिन हिंदी का विशेष महत्व है। यह देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में जोड़ने का काम करती है। उन्होंने कहा कि



हिंदी मयार्दा, सभ्यता और संस्कृति की भाषा है। 14 सितंबर को संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसी ऐतिहासिक निर्णय की स्मृति में प्रत्येक वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में अंग्रेजी के बढ़ते प्रभाव के कारण हिंदी के सामने चुनौतियां हैं। किसी भाषा का सम्मान दूसरी भाषा का विरोध करके नहीं, बल्कि अपनी भाषा के सही और प्रभावी प्रयोग से बढ़ाया जा सकता है। हिंदी को आधुनिक शिक्षा, तकनीक, डिजिटल माध्यम और रोजगार के अवसरों से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने और दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान भाषण, पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन नोडल इंचार्ज कृष्ण कुमार ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने किया। मौके पर कृष्ण कुमार, वीरेंद्र शाह, दिनेश कुमार, मुकेश भारती, खुर्शीद आलम, सरिता दुबे, वर्षा कुमारी, शिवानी कुमारी, हीरामन मेहता, मधु कुमारी, नवनीत ठाकुर आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## यूपीएससी से सिनेमा तक हिंदी विशेषज्ञों के लिए बढ़ रहे अवसर : अलखनाथ पांडेय

# आरके पब्लिक स्कूल में उत्साह से मना हिंदी दिवस

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में हिंदी दिवस उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में हिंदी में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने दीप जलाकर एवं मां सरस्वती का नमन कर किया। मौके पर निदेशक अलखनाथ पांडेय ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं,



बल्कि भारतीय संस्कृति, संस्कार और एकता का प्रतीक है। यह जनमानस की भावनात्मक भाषा है, जो सीधे लोगों के दिलों को जोड़ती है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर हिंदी का व्यापक प्रभाव है और दुनिया के कई विश्वविद्यालयों में हिंदी की पढ़ाई होती है। तकनीक के क्षेत्र में भी हिंदी का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज यूपीएससी, बैंकिंग, चिकित्सा, मीडिया, अनुवाद, कंटेंट राइटिंग और सिनेमा सहित विभिन्न क्षेत्रों में हिंदी विशेषज्ञों के लिये अवसर बढ़ रहे हैं। हिंदी को कमजोरों की भाषा समझना गलत है। यह करोड़ों भारतीयों के आत्मविश्वास और गौरव की भाषा है। शिक्षक अनुप कुमार पाण्डेय ने कहा कि हिंदी का प्रयोग करना हीनता नहीं, बल्कि गौरव की बात है। यह सरल, सहज और सुगम भाषा है। उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिये सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यालय में सुलेख, काव्य पाठ, कथा वाचन, निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। मौके पर प्राचार्य संतोष पाण्डेय, गीता पाण्डेय, संजय कुमार, इम्तियाज खान, नंदलाल गुप्ता, अभिमन्यु शुक्ला, धीरज पाण्डेय, संदीप ठाकुर समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### मेराल में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई गणेश चतुर्थी



**मेराल :** प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा, आस्था एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न पूजा स्थलों पर भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि, शांति एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। मेराल के प्राचीन शिव मंदिर एवं छठ घाट शिव मंदिर परिसर में महिला श्रद्धालुओं ने विशेष पूजा-अर्चना की। पुरोहित पंडित दिनेश पाठक ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान गणेश की पूजा संपन्न कराई। पूजा को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। महिला श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश को फूल, फल, लड्डू सहित विभिन्न पूजन सामग्री अर्पित कर श्रद्धापूर्वक पूजा की। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने विघ्नहर्ता भगवान गणेश से जीवन के सभी संकटों को दूर करने तथा परिवार में सुख, शांति और समृद्धि बनाये रखने की प्रार्थना की। मान्यता के अनुसार भगवान गणेश को प्रथम पूज्य एवं विघ्नहर्ता माना जाता है। किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत से पहले भगवान गणेश की पूजा करने की परंपरा है। इसी आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूरे भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की।

### टाउन हॉल के पास से स्प्लेंडर बाईक चोरी, थाने में दर्ज हुई प्राथमिकी




**गढ़वा :** शहर के टाउन हॉल के समीप स्थित शिक्षा हब कोचिंग सेंटर के पास से एक स्प्लेंडर बाईक की चोरी हो गई। चोरी की घटना के बाद वाहन मालिक ने संबंधित थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर बाईक की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित आनन्द चौबे पिता स्व लक्ष्मी नारायण चौबे, निवासी सहिजना, गढ़वा टाउन के अनुसार उनकी बाईक शिक्षा हब कोचिंग सेंटर के पास खड़ी थी। कुछ समय बाद लौटने पर बाईक मौके से गायब मिली। आसपास काफी खोजबीन करने के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं मिल सका।

### सुखनदी विद्यालय में कमरे को लेकर विवाद, बीडीओ ने पहुंचकर संभाली स्थिति

**बरडीहा :** प्रखंड के माध्यमिक विद्यालय सुखनदी में विद्यालय संचालन, कमरा आवंटन और शिक्षकों की उपस्थिति को लेकर ग्रामीणों एवं प्रधानाध्यापक के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। मामले की सूचना मिलने पर बीडीओ प्रवीण कुमार सिंह विद्यालय पहुंचे और दोनों पक्षों की बातें सुनकर स्थिति को शांत कराया। जानकारी के अनुसार पंचायत समिति सदस्य रत्नेश यादव, ग्रामीण देवेंद्र यादव और अमीन अंसारी विद्यालय पहुंचे थे। उन्होंने प्रधानाध्यापक अरुण कुमार यादव से एक कमरा ट्यूशन पढ़ाने के लिये उपलब्ध कराने की मांग की। प्रधानाध्यापक द्वारा कमरे में पठन-पाठन कराने वाले शिक्षक के बारे में पूछे जाने पर विद्यालय के शिक्षक देवरूप यादव का नाम बताया गया। प्रधानाध्यापक ने बिना उच्चाधिकारियों की अनुमति विद्यालय के कमरे का इस तरह उपयोग करने पर असमर्थता जताई। इसके बाद मामला विवाद में बदल गया। ग्रामीणों ने विद्यालय में बच्चों की गलत उपस्थिति दर्ज करने, चावल के गबन और फर्जी नामांकन सहित कई आरोप लगाये। ग्रामीणों ने बीडीओ के मौके पर पहुंचने तक विद्यालय परिसर से नहीं हटने की बात कही। सूचना मिलने पर बीडीओ प्रवीण कुमार सिंह विद्यालय पहुंचे। उस समय करीब 60-70 ग्रामीण मौजूद थे। उन्होंने ग्रामीणों और प्रधानाध्यापक से पूरे मामले की जानकारी ली। बीडीओ ने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष को निर्देश दिया कि बच्चों की प्रतिदिन की उपस्थिति की जानकारी प्रखंड कार्यालय को उपलब्ध कराई जाय। फर्जी नामांकन की शिकायत पर बीडीओ ने प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कविता कुमारी से दूरभाष पर बात कर मामले की निष्पक्ष जांच का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक को हटाने की मांग भी रखी। इस पर बीडीओ ने कहा कि कमरे के विवाद, चावल गबन, फर्जी नामांकन और उपस्थिति से संबंधित सभी आरोपों की पारदर्शी जांच कराई जायेगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद विद्यालय में स्थिति नियंत्रण में है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## सांसद ने प्रस्तावित डैम के स्थल का लिया जायजा



# संविधान का पालन करें, धर्म के नाम पर बांटने से बचें : सांसद

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा** : बिहार के काराकाट के सांसद राजाराम कुशवाहा ने सोमवार को कांडी प्रखंड का दौरा किया। कांडी बाजार पहुंचने पर उन्होंने जननायक कपूर्री ठाकुर एवं अमर शहीद जगदेव प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने कुशवाहा समाज की ओर से निमार्णाधीन प्रियदर्शी सम्राट अशोक भवन का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुये सांसद ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को संविधान का पालन करना चाहिये। समाज में जात-पात और भेदभाव से ऊपर उठकर इंसानियत एवं मानवता का परिचय देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आपसी विवाद को बढ़ावा देने के बजाय भाईचारा, प्रेम और सौहार्द का वातावरण बनाये रखना चाहिये। धर्म के नाम पर लोगों को बांटने की प्रवृत्ति से भी बचना चाहिये। सांसद ने क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि केतार प्रखंड के कधवन गांव में प्रस्तावित डैम के स्थल का निरीक्षण करने के लिये वे क्षेत्र में पहुंचे हैं। सिंचाई और जल संसाधन से जुड़ी योजनाओं के पूरा होने से किसानों समेत क्षेत्र के लोगों को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने इंद्रपुरी के समीप सोन नदी के पानी से बिजली उत्पादन की प्रस्तावित योजना का भी उल्लेख किया। सांसद के अनुसार करीब 350 मेगावाट बिजली उत्पादन की योजना पर काम किया जायेगा। झारखंड-बिहार के बीच पानी के उपयोग को लेकर समझौता होने से दोनों राज्यों के लोगों को लाभ मिलने की संभावना है। सांसद के कांडी पहुंचने पर स्थानीय लोगों और समाज के लोगों ने उनका स्वागत किया। मौके पर कालीचरण मेहता, सुषमा मेहता, पूर्व विधायक अजीत कुशवाहा, महानंद सिंह, रामप्यारे मेहता, लक्ष्मण मेहता, पूर्व मुखिया दामोदर मेहता, डॉ शशि कुमार मेहता, नंदू मेहता सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### प्रभात संगीत दिवस पर साधकों ने किया भजन-कीर्तन

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर** : नई मुहल्ला स्थित आनंद मार्ग जागृति में सोमवार को प्रभात संगीत दिवस भक्तिभाव और उल्लास के साथ मनाया गया। आनंदमार्गी साधकों ने अखंड कीर्तन, अष्टाक्षरी सिद्ध महामंत्र बाबा नाम केवलम का सामूहिक भजन-कीर्तन और साधना की। इस दौरान गुरु श्री श्री आनंदमूर्ति जी के आशीर्वचनों का वाचन किया गया।

आचार्य लीलामायानंद अवधूत ने कहा कि आनंदमार्ग के प्रवर्तक श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने 14 सितंबर 1982 को देवघर में प्रथम प्रभात संगीत बंधु हे निये चलो प्रस्तुत किया था। उन्होंने बताया कि आठ वर्ष, एक माह और सात दिनों की अवधि में आनंदमूर्ति जी ने 5018 प्रभात संगीत की रचना की। इनमें भाव, भाषा, छंद, स्वर और लय का अद्भुत संगम है। उन्होंने बांग्ला, हिंदी, उर्दू, अंगिका, मैथिली, मगही और अंग्रेजी सहित कई भाषाओं में गीतों की रचना की। आचार्य ने कहा कि प्रभात संगीत साधना और भक्ति के माध्यम से मानव चेतना को जागृत करने का प्रभावी माध्यम है।

**बैठक** हिंदी को आधुनिक शिक्षा और डिजिटल माध्यम से जोड़ना जरूरी : निदेशक

# ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में हिन्दी दिवस

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा** : शहर के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल के सभागार आर्यभट्ट में भारत की राजभाषा हिंदी के सम्मान में हिंदी दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर तथा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि भारत विविध भाषाओं और बोलियों वाला देश है, लेकिन हिंदी का विशेष महत्व है। यह देश के करोड़ों लोगों को एक सूत्र में जोड़ने का काम करती है। उन्होंने कहा कि हिंदी मयार्दा, सभ्यता और संस्कृति की भाषा है। 14 सितंबर को संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसी ऐतिहासिक निर्णय की स्मृति में प्रत्येक वर्ष हिंदी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में अंग्रेजी के बढ़ते प्रभाव के कारण हिंदी के सामने चुनौतियां हैं। किसी भाषा का सम्मान दूसरी भाषा का विरोध करके नहीं, बल्कि अपनी भाषा के सही और प्रभावी प्रयोग से बढ़ाया जा सकता है। हिंदी को आधुनिक शिक्षा, तकनीक, डिजिटल माध्यम और रोजगार के अवसरों से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने और दूसरों को भी इसके लिये प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान भाषण, पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन नोडल इंचार्ज कृष्ण कुमार ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने किया। मौके पर कृष्ण कुमार, वीरेंद्र शाह, दिनेश कुमार, मुकेश भारती, खुर्शीद आलम, सरिता दुबे, वर्षा कुमारी, शिवानी कुमारी, हीरामन मेहता, मधु कुमारी, नवनीत ठाकुर आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## हिंदी दिवस पर एबीपीएस के विद्यार्थियों ने बिखेरी प्रतिभा

बंशीधर न्यूज




**विश्रामपुर** : रेहला आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस पर सोमवार को भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भाषण, काव्य-पाठ, पहेली, चित्र प्रदर्शनी और नारा-वाचन के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ। विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा की समृद्ध साहित्यिक परंपरा, वैज्ञानिकता, सरलता और भारतीय संस्कृति को जोड़ने में उसकी भूमिका पर विचार रखे। काव्य-पाठ ने जहां साहित्य की संवेदनशीलता को जीवंत किया। वहीं पहेली और अन्य गतिविधियों में विद्यार्थियों की त्वरित सोच और भाषाई समझ देखने को मिली। चित्र प्रदर्शनी और नारा-वाचन में भी बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा उभरकर सामने आई। उप प्राचार्या अलका सिंह ने कहा कि हिंदी सिर्फ संवाद की भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और संवेदनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में हिंदी के शुद्ध एवं प्रभावी प्रयोग का आह्वान किया। प्राचार्य नुरुल हक ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास, भाषा कौशल और रचनात्मक सोच को मजबूत करते हैं। मौके पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार शर्मा, अवनीश कुमार तिवारी, आचार्य विजय, ममता सिंह, रंजू सिंह और रेणु कुमारी समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## तीज व्रत पर महिलाओं ने उपवास रख पति की दीघार्यु की कामना की



**विश्रामपुर** : हरितालिका तीज के अवसर पर सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने उपवास रखकर पति की दीघार्यु, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। सुबह से ही महिलाओं में तीज व्रत को लेकर उत्साह देखा गया। महिलाओं ने स्नान कर नये वस्त्र धारण किये और विधि-विधान से भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। इस दौरान पंडित जी ने महिलाओं को तीज व्रत की पूजा विधि संपन्न कराई तथा व्रत की कथा सुनाई। पूजा के दौरान महिलाओं ने भगवान शिव-पार्वती से अपने पति के स्वस्थ एवं दीघार्यु रहने की प्रार्थना की। शाम को भी महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर तीज की कथा सुनी। व्रत को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह रहा। घरों में तीज के पारंपरिक पकवान बनाये गये और महिलाओं ने एक-दूसरे को तीज की शुभकामनाएं दीं।

## अजमुद्दीन शेख निर्विरोध चुने गये अंजुमन कमेटी के प्रखंड सदर



**भवनाथपुर** : इस्लाहुल मुस्लिम अंजुमन कमेटी के तत्वावधान में प्रखंड कमेटी के चुनाव को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसमें कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की मौजूदगी में चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई गई। प्रखंड सदर पद के लिये अजमुद्दीन शेख ने एकमात्र उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। इसके बाद सर्वसम्मति से उन्हें इस्लाहुल मुस्लिम अंजुमन कमेटी का प्रखंड सदर निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं प्रखंड सचिव पद पर ओस्ताज अंसारी को निर्वाचित किया गया। सरपरस्त के रूप में उल्फत अंसारी एवं जसमुद्दीन अंसारी का चयन किया गया। जबकि खजांची की जिम्मेदारी रेयाज एवं इसहाक अंसारी को सौंपी गई। चुनाव संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का कमेटी के सदस्यों एवं उपस्थित लोगों ने स्वागत किया। लोगों ने सभी पदाधिकारियों को संगठन के हित में बेहतर कार्य करने की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान नवनिर्वाचित प्रखंड सदर अजमुद्दीन शेख ने कहा कि कमेटी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने के लिये सभी को साथ लेकर कार्य किया जायेगा। मौके पर मुस्लिमीन अंजुमन कमेटी के पर्यवेक्षक के रूप में असमुद्दीन अंसारी, इलियास अंसारी आदि उपस्थित थे।

## जय मां शेरावाली भंडारा समिति की नई कमेटी गठित, सुनील पासवान बने अध्यक्ष



**गढ़वा** : मां गढ़देवी मंदिर परिसर में जय मां शेरावाली भंडारा समिति की बैठक अध्यक्ष सुनील पासवान उर्फ नागर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी दुगार्पूजा के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 26 वां भव्य भंडारा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा, प्रसाद वितरण और भंडारा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि एकम से दशमी तक श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जायेगा। वहीं सप्तमी से दशमी तक विशाल भंडारा चलेगा। अष्टमी को संधि पूजन के दौरान श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद के रूप में खीर का वितरण किया जायेगा। समिति सदस्यों ने कहा कि पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसके लिये व्यवस्था को बेहतर और सुचारू बनाया जायेगा। बैठक में वर्ष 2026 के लिये समिति का नया गठन भी किया गया। सर्वसम्मति से सुनील पासवान उर्फ नागर को अध्यक्ष, विजय ठाकुर एवं प्रितम कुमार गोंड को सचिव बनाया गया। शनि चंद्रवंशी एवं पिंटू उर्फ ओला को कार्यकारी अध्यक्ष, किशोर कुणाल एवं विवेक सिन्हा को कोषाध्यक्ष तथा अजीत पासवान, पुनीत जायसवाल, धनंजय पासवान, रंथा नायक एवं कुश ठाकुर को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। सह-सचिव के रूप में सुभाष गोंड, सचिन कुमार, संगम सिंह, आकाश बघेल, आर्यन पासवान, चंद्र बहादुर सिंह एवं अमित केशरी को शामिल किया गया। संगठन मंत्री की जिम्मेदारी अतुल चंद्रवंशी समेत अन्य सदस्यों को दी गई। जबकि अंशू कांस्यकार, विक्की गोंड, अंकित गोंड, विकास जायसवाल एवं राजेश रंजन मीडिया प्रभारी बनाये गये। संरक्षक के रूप में शैलेंद्र पाठक, समाजसेवी राकेश पाल एवं लोजपा नेता रामजी पासवान को जिम्मेदारी मिली। बैठक का संचालन सचिव विजय कुमार ठाकुर ने किया। बैठक में काफी संख्या में समिति के सदस्य मौजूद थे।

**पूर्व मंत्री स्व गिरिवर पांडेय की 18 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित**

# गिरिवर पांडेय के पदचिह्नों पर चलने का संकल्प

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर** : प्रखर समाजवादी नेता सह एकीकृत बिहार के पूर्व मंत्री स्व गिरिवर पांडेय की 18 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को यहां पीडब्ल्यूडी डाकबंगला परिसर में उनकी प्रतिमा स्थल के निकट श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों ने स्व पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। उस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि स्व गिरिवर पांडेय व्यक्ति नहीं विचार थे। स्व पांडेय को भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लोग गुदड़ी का लाल कहा करते थे। अन्य वक्ताओं ने कहा कि यह क्षेत्र समाज वादियों का गढ़ रहा है। आज जरूरत है स्वर्गीय पांडेय के पद चिन्हों पर चलकर समाज के दबे, कुचले व अंतिम पायदान पर खड़े लोगों की सेवा करने की। स्व पांडेय आज भी गरीबों के दिल में बसे हुये हैं। गरीब व क्षेत्र से उनका गहरा लगाव था। मरते दम तक स्व पांडेय क्षेत्र के गरीब-गुरबों की ही चिंता किया करते थे। क्षेत्र के लोगों से उनका गहरा लगाव था। उनके बताये मार्गों पर चलकर क्षेत्र के गरीबों की सेवा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सभा को विधायक अनंत प्रताप देव, पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, भाजपा नेता कन्हैया चौबे, आईआईएम के संरक्षक डॉ यासीन अंसारी, राजद के पलामू जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान, वरुण बिहारी यादव, रामेश्वर प्रसाद अकेला, देवीदयाल मेहता, मुक्तेश्वर पांडेय, कलाम खान, विनोद यादव, शैलेश चौबे, लक्ष्मण राम, दयानंद पांडेय, सुभाष मेहता, जवाहर पासवान आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोबिन अंसारी व संचालन स्व पांडेय के पुत्र अभय कुमार पांडेय ने किया। मौके पर स्व पांडेय के पुत्र संजय कुमार पांडेय, मुखिया मनोज ठाकुर, नसीर अंसारी, ईश्वरी चौधरी, प्रमोद राम, मुकेश कुमार रजक, छोटेलाल मेहता, गदाधर पांडेय, सुरेंद्र पांडेय, सुभाष राम, राणा प्रताप सिंह, किशोर कुमार, विनोद सिंह, रामजन्म पांडेय, सत्येंद्र शुक्ल, कामता प्रसाद, नाथू पासवान, सुदामा पांडेय, राजेश मेहता, सुभाष राम, चन्द्रदेव यादव, राजकुमार राम, राजनाथ राम, जोखू पांडेय, सुशील चौबे, खलील खान सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## नयनतारा फिर बनीं 'मूकुथी अम्मन', 'महाशक्ति' का दमदार टीजर जारी



दक्षिण भारतीय अभिनेत्री नयनतारा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'महाशक्ति' का टीजर जारी कर दिया गया है। सुंदर सी. के निर्देशन में बनी इस फिल्म में नयनतारा एक बार फिर लोकप्रिय किरदार 'मूकुथी अम्मन' के रूप में नजर आ रही हैं। वर्ष 2020 में रिलीज हुई 'मूकुथी अम्मन' में उनके इस किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसकी वापसी ने फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है। टीजर में भव्य दृश्य, बड़े पैमाने पर तैयार किए गए सेट और रहस्य से भरपूर माहौल दिखाई देता है। 'महाशक्ति' का निर्माण डॉ. ईश्वरी के. गणेश ने वेल्स फिल्म इंटरनेशनल के बैनर तले अवनी मीडिया, आईवीवाई एंटरटेनमेंट और राउडी पिक्चर्स के साथ मिलकर किया है। फिल्म में नयनतारा के अलावा रेगिना कैसांद्रा, योगी बाबू और ऊर्वशी समेत कई कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। टीजर में नयनतारा का दमदार और पहले से अलग रूप देखने को मिला है। निर्देशक सुंदर सी. ने इस बार 'मूकुथी अम्मन' की दुनिया को बड़े स्तर पर पेश करने की कोशिश की है। फिल्म को नवंबर 2026 में हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। उत्तर भारत में फिल्म के वितरण की जिम्मेदारी एए फिल्म्स संभालेगी। नयनतारा के लोकप्रिय किरदार की वापसी और फिल्म के भव्य स्तर को देखते हुए 'महाशक्ति' को लेकर दक्षिण भारतीय सिनेमा के साथ हिंदी दर्शकों में भी उत्सुकता बनी हुई है।

## रुक्मिणी वसंत का दिखा नया अवतार, 'मंगला गौरी' में बनीं पुलिस अफसर



अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत आगामी कन्नड़ फिल्म 'मंगला गौरी' में बिल्कुल नए अंदाज में नजर आने वाली हैं। राहुल पीके के निर्देशन में बन रही फिल्म का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है, जिसमें रुक्मिणी पुलिस की वर्दी पहने स्कूटर पर बैठी दिखाई दे रही हैं। उनके साथ दिग्गज अभिनेत्री मालाश्री भी नजर आ रही हैं। फिल्म में अलग-अलग पीढ़ियों की दोनों अभिनेत्रियां कहानी के केंद्र में रहेंगी। रुक्मिणी अपने सहज अभिनय और अलग-अलग तरह के किरदारों के लिए पहचानी जाती हैं। 'मंगला गौरी' में वह पहली बार पुलिस की भूमिका में दिखाई देंगी। यह फिल्म निर्देशक हेमंत एम. राव के साथ उनकी दूसरी फिल्म है। इससे पहले दोनों 'सप्त सागरदाचे एलो' में साथ काम कर चुके हैं। वहीं केवीएन प्रोडक्शंस के साथ भी रुक्मिणी की यह दूसरी फिल्म है। इससे पहले वह 'टॉक्सिक' में नजर आ चुकी हैं। केवीएन प्रोडक्शंस और दक्षिणायनी टॉकीज के बैनर तले बन रही फिल्म में मिथुन मुकुंदन का संगीत है, जबकि श्रीवत्सन सेल्वाराजन ने छायांकन किया है। फिल्म के एक्शन का जिम्मा विक्रम मोर ने संभाला है। वेंकट के. नारायण और हेमंत एम. राव फिल्म के निमार्ता हैं। फिल्म की करीब 75 प्रतिशत शूटिंग पूरी हो चुकी है और बाकी काम भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## चीन सीमा तक सड़क बहाल करना नेपाल सरकार की पहली प्राथमिकता



### दिशा सालियान मौत मामले में सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

# जांच के दायरे में कई लोगों की भूमिका



**मुंबई।** बॉम्बे उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर दिशा सालियान की मौत के मामले में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की है। एफआईआर में शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे, पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख, मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह, पूर्व पुलिस अधिकारी सचिन वाझे और अभिनेता डीनो मोरिया समेत 33 से अधिक लोगों के नाम शामिल किए गए हैं। सीबीआई ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सीबीआई के अनुसार, एफआईआर में हत्या, सामूहिक दुष्कर्म, आपराधिक साजिश, साक्ष्य नष्ट करने और आरोपियों को कथित तौर पर बचाने के लिए गलत जानकारी फैलाने जैसे गंभीर आरोपों की जांच की जा रही है। हालांकि, एफआईआर में किसी व्यक्ति का नाम दर्ज होना अपने आप में उसके खिलाफ अपराध साबित नहीं करता। आरोपों की जांच के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई तय होगी। जांच का दायरा दिशा सालियान की मौत की परिस्थितियों के साथ-साथ मामले को कथित तौर पर दबाने और जांच को प्रभावित करने से जुड़े पहलुओं तक रखा गया है। सीबीआई यह भी जांच करेगी कि क्या किसी सरकारी कर्मचारी या पुलिस अधिकारी ने सरकारी संसाधनों, पुलिस मशीनरी, दस्तावेजों अथवा आधिकारिक रिकॉर्ड का कथित तौर पर दुरुपयोग किया था। रिकॉर्ड से छेड़छाड़, दस्तावेजों को नष्ट करने या दबाने तथा जांच को प्रभावित करने के आरोपों की भी पड़ताल की जाएगी। सीबीआई की जांच के दायरे में आदित्य ठाकरे, रोहन रॉय, डीनो मोरिया, सूरज पंचोली, आदित्य ठाकरे के अंगरक्षक, रिया चक्रवर्ती, शोविक चक्रवर्ती, सचिन वाझे, परमबीर सिंह, पुलिस उपायुक्त विशाल ठाकुर, उद्धव ठाकरे, तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख समेत अन्य लोगों की भूमिका भी शामिल बताई गई है। इसके अलावा अशोक देवधे, जगदेव कलापद, शैलेंद्र नागरकर, चिमाजी आढव और अर्जुन राजने तथा मालवणी पुलिस थाने से जुड़े अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

एफआईआर में दिशा सालियान के पोस्टमार्टम में कथित देरी से जुड़े डॉक्टरों और कर्मचारियों के अलावा डॉ. संजय जाधव तथा कलिना स्थित फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी के संबंधित अधिकारियों का भी उल्लेख किया गया है। इनमें सहायक रासायनिक विश्लेषक एन. पी. भाले का नाम भी शामिल बताया गया है। उल्लेखनीय है कि मालाड स्थित इमारत से गिरने के बाद दिशा सालियान की मौत हुई थी। इसके बाद मालवणी पुलिस ने मामले की जांच की और अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की थी। दिशा सालियान के पिता ने बाद में बॉम्बे उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर मामले की सीबीआई जांच की मांग की थी।

## जीएनएम प्रवेश परीक्षा में सपना ने 99.39 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया मान



**मेदिनीनगर :** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या दो स्थित बैंक कॉलोनी निवासी अशोक प्रसाद की पुत्री सपना कुमारी ने झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा बोर्ड की जीएनएम प्रवेश परीक्षा में 99.39 प्रतिशत अंक हासिल कर शानदार सफलता प्राप्त की है। उसकी उपलब्धि से परिवार सहित पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। जीएनएम प्रवेश परीक्षा 23 अगस्त को आयोजित हुई थी। नौ सितंबर को जारी परिणाम में सपना ने 99.39 प्रतिशत अंक हासिल किए। सपना ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास को दिया। उसने कहा कि लगन और सही दिशा में किया गया प्रयास कभी विफल नहीं होता। सपना ने राजकीयकृत ब्राह्मण प्लस टू उच्च विद्यालय से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की है। उसके पिता अशोक प्रसाद राजमिस्त्री का काम करते हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद बेटी की सफलता से पिता अशोक प्रसाद, मां सविता देवी, भाई आशीष तथा बहन प्रियंका और संध्या काफी खुश हैं। परिजनों ने सपना को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## रेलवे क्लब में धूमधाम से मनेगी दुर्गा पूजा, पुरानी कमेटी पर समति



**मेदिनीनगर :** डालटनगंज रेलवे क्लब में इस वर्ष दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। पूजा आयोजन को लेकर सहायक मंडल अभियंता, डालटनगंज के कार्यालय में सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी रेलवे क्लब डालटनगंज की कार्यकारिणी की बैठक हुई। अध्यक्षता सहायक मंडल अभियंता देवेंद्र मोहन ने की, जबकि संचालन संजय पासवान ने किया। बैठक में संजय पासवान ने पिछले वर्ष के पूजा आयोजन का लेखा-जोखा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। इसके बाद सदस्यों ने इस वर्ष पूजा के आयोजन को लेकर अपने सुझाव और विचार रखे। विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से पुरानी कमेटी को ही यथावत रखने का प्रस्ताव पारित किया गया। सदस्यों ने शांतिपूर्ण और भव्य आयोजन को लेकर आपसी समन्वय के साथ तैयारी करने पर जोर दिया। बैठक में सहायक संकेत एवं दूरसंचार अभियंता कैलाश, वरीय अनुभाग अभियंता रेल पथ दिवाकर दास, वरीय अनुभाग अभियंता (कार्य) अरुण रंजन पांडे, वरीय अनुभाग अभियंता दूरसंचार बीरबल कच्छप, विवेक कुमार, स्वास्थ्य निरीक्षक शांतनु कुमार, कनिष्ठ अभियंता विद्युत निखिल कुमार सहित संजय पासवान, अनिल कुमार यादव, विजय कांत शर्मा, टुनटुन पोद्दार, सचिन कुमार, धनंजय कुमार, विपिन कुमार दुबे, राजन मिश्रा, जयपाल पासवान, अरविंद यादव, संतोष कुमार मेठ, यशवंत कुमार मेठ, अनिल कुमार साव मेठ, सुजीत कुमार पासवान, मणिकांत तिवारी, धर्मेंद्र पासवान, संजीत कुमार, शंकर पासवान, दिनेश प्रसाद, मधेश कुमार, दीपक कुमार, सोमर, जितेंद्र, अमरजीत कुमार, उमाकांत पासवान, किशोरी प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सील तोड़ सरकारी चावल की बोरियां बदलने का आरोप, 3 पर एफआईआर

**मेदिनीनगर :** नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड में सरकारी राशन की हेराफेरी और साक्ष्य मिटाने के प्रयास का मामला सामने आया है। आरोप है कि सील किए गए सरकारी गोदाम का रात में ताला खोलकर चावल की बोरियों से सरकारी रैपर व टैग हटाकर उन्हें सामान्य बोरियों में बदलने का प्रयास किया गया। मामले की सूचना मिलने पर एमओ नारायण महतो ने लेस्लीगंज थाना में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने आवेदन के आधार पर रामसागर निवासी अजमल अंसारी व ओमप्रकाश सोनू तथा झरहा निवासी मोनाजरूल अंसारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि सरकारी चावल की पहचान मिटाकर उसे बाजार में खपाने और पूर्व कार्रवाई से जुड़े साक्ष्यों को नष्ट करने की कोशिश की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गोदाम की सील तोड़ने, बोरियों में बदलाव और कथित कालाबाजारी की कड़ियों की जांच की जा रही है।

## ब्रिक्स से दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति का आह्वान - एआई की निगरानी के लिए बने अंतरराष्ट्रीय तंत्र



**नई दिल्ली/अंकारा।** दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने ब्रिक्स देशों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के स्वतंत्र वैज्ञानिक मूल्यांकन और निगरानी के लिए एक अंतरराष्ट्रीय तंत्र स्थापित करने का आह्वान किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि एआई की तकनीकी क्षमता इंसानों की उसे समझने, निगरानी करने और नियंत्रित करने की क्षमता से आगे नहीं बढ़नी चाहिए। स्थानीय मीडिया के अनुसार, नई दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए रामफोसा ने कहा कि एआई उत्पादकता और मानव प्रगति के नए दौर की शुरूआत कर सकता है। हालांकि, उन्होंने तेजी से शक्तिशाली होते एआई सिस्टम से जुड़े संभावित जोखिमों पर भी चिंता जताई। रामफोसा ने कहा कि जिम्मेदारी और प्रभावी तरीके से इस्तेमाल किए जाने पर एआई असमानता, गरीबी और अविकास को कम करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा, यह चिकित्सा, शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान और कृषि उत्पादकता के क्षेत्र में बड़ा बदलाव ला सकता है। लेकिन उन्होंने उन्नत एआई सिस्टम से जुड़े कई संभावित खतरों का भी जिक्र किया। इनमें उन्नत साइबर ऑपरेशन, जैविक हथियारों के विकास में सहायता, स्वायत्त कार्रवाई, हेरफेर, बड़े पैमाने पर निगरानी और रोजगार पर असर शामिल हैं। कहा कि हमें न तो एआई से डरना चाहिए और न ही इसे लापरवाही से अपनाना चाहिए। हमारी जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि मानव शासन एआई जितनी तेजी से आगे बढ़े। दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति ने एआई कंपनियों की स्वतंत्र बाहरी निगरानी की जरूरत पर जोर देते हुए एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई के विचारों का समर्थन किया।

### एनयूजेआई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संभाला कार्यभार

# पत्रकार हितों के मुद्दों पर संघर्ष का लिया संकल्प



**नई दिल्ली :** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया (एनयूजेआई) के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों ने सोमवार को नई दिल्ली के 7 जंतर मंतर स्थित केंद्रीय कार्यालय में अपना पद भार ग्रहण किया। नई कार्यकारिणी में राकेश थपलियाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष, राकेश कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय महासचिव और रामचंद्र कन्नोजिया ने कोषाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। उस मौके पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने पत्रकारों की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज के समय में पत्रकारिता और पत्रकारों पर गहरा संकट है, चाहे वह उनकी सुरक्षा का मामला हो या सही वेतन भत्ते का। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी पूरी जिम्मेदारी के साथ पत्रकार हितों की रक्षा के लिए काम करेगी। नए राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश थपलियाल ने कहा कि एनयूजेआई देश भर के पत्रकारों के अधिकारों के लिए पुरजोर आवाज उठाएगा। पत्रकारिता की साख बचाने के लिए फर्जी पत्रकारों के खिलाफ एक बड़ा अभियान भी चलाया जाएगा। राष्ट्रीय महासचिव राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं को सुलझाने के लिए संगठन सरकार के सामने अपनी बात पूरी मजबूती से रखेगा। आगामी 28 नवंबर से जयपुर में तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन (महाधिवेशन) आयोजित किया जाएगा।कोषाध्यक्ष रामचंद्र कन्नोजिया ने संगठन के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए आर्थिक मजबूती पर जोर दिया। सभी राज्यों से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के अंत में देश के कोने-कोने से आए सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उस मौके पर उपस्थित पत्रकारों और संगठन के पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने भी संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने तथा पत्रकार हितों के लिए लगातार कार्य करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में चुनाव अधिकारी दधिबल यादव, मनोहर सिंह, उषा पाहवा, आदेश त्यागी, अमलेश राजू, सुनील दत्त पांडेय, धर्मेंद्र चौधरी, बाल कृष्ण शास्त्री, धीरेन्द्र चौबे समेत विभिन्न राज्यों के पदाधिकारी शामिल हुए।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)